"एनएचपीसी सार्वजनिक नीति पक्ष-समर्थन" नीति

हर घर के लिए स्वच्छ ऊर्जा

विषय सूची:

1.0 प्रस्तावना
2.0 परिचय
3.0 उद्देश्य
4.0 नीति

1.0 प्रस्तावना

1.1 एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार की बहुमत हिस्सेदारी वाली एक मिनी रत्न श्रेणी-I कंपनी है । एनएचपीसी लिमिटेड भारत और विदेशों में पारंपरिक एवं गैर-पारंपरिक स्रोतों के माध्यम से बिजली के एकीकृत और कुशल विकास की योजना बनाने, बढ़ावा देने और व्यवस्थित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

1.2 पर्यावरण और लोगों के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि इसके कारपोरेट विजन और मिशन के माध्यम से की गई है ।

1.3 सस्टेनेबिलिटी विजन प्रदान करने के प्रयासों के भाग के रूप में, एनएचपीसी लिमिटेड या 'कंपनी' ने संबंधित प्राधिरियों/ संस्थागत चैम्बरों/ सार्वजनिक मंचों आदि के साथ जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए इस नीति की स्थापना की है, जो जिम्मेदारी के मूल्यों, प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और अपने विविध हितधारकों के हितों को संतुलित करने की आवश्यकता द्वारा दिशा-निर्देशित है ।

2.0 परिचय

2.1 प्रभावी पक्ष-समर्थन कंपनी के व्यवसाय की प्रतिस्पर्धात्मकता, विकास और प्रभावशीलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और कंपनी जिस क्षेत्र में काम करती है, उसके विकास में भी सकारात्मक योगदान देती है ।

2.2 एनएचपीसी लिमिटेड सरकारी एजेंसियों, उद्योग चैंबरों/ एसोसिएशनों या किसी अन्य उपयुक्त मंच के साथ विभिन्न नियामक ढांचे, स्थिति संबंधी मुद्दों आदि पर विचार और अनुभव साझा करके अपनी स्थिति बनाए रखती है/ प्रदर्शित करती है ।

2.3 एनएचपीसी विभिन्न संस्थागत चैंबरों/ एसोसिएशन/ फोरम/ सोसाइटियों की सदस्य है ।

2.4 इसके अलावा, एनएचपीसी उन सेक्टरों/ क्षेत्रों/ स्थानों के विकास से संबंधित विभिन्न आयोजनों/ प्रदर्शनियों/ सेमिनारों/ कार्यशालाओं आदि को आयोजित करने वाली एजेंसियों के साथ साझेदारी करती है/ ऐसे कार्यक्रम प्रायोजित करती है/ और उनमें भाग लेती है, जहां कंपनी काम करती है ।

3.0 उद्देश्य

- नीतिगत निर्णयों/ नियामक ढांचे/ सामाजिक सद्भावना आदि के लिए प्रासंगिक प्राधिकारियों/ मंचों/ संघों के साथ निरंतर जुड़ाव रखना, जो जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के मूल्यों द्वारा दिशा-निर्देशित होता है ।

- क्षेत्र में अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक तरीके से नीतियों आदि के निर्माण की वकालत और उनका समर्थन करना ।

4.0 नीति

4.1 एनएचपीसी लिमिटेड उन क्षेत्रों में अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए सरकार, नीति निर्माताओं, नियामकों, सामाजिक समूहों/ मंचों और अन्य हितधारकों के साथ जिम्मेदार, पारदर्शी और रचनात्मक तरीके से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ कंपनी संचालित होती है ।

4.2 प्रमुख क्षेत्र जहां एनएचपीसी नीतियों/ विनियमों के निर्माण की वकालत और उनका समर्थन करेगी :

- विद्युत और जल संसाधन क्षेत्र का संस्थागत और नियामक ढांचा
- विद्युत और जल संसाधन क्षेत्र में सुधार
- दीर्घकालिक योजनाएं और ऊर्जा सुरक्षा, स्मार्ट ग्रिड आदि ।
- स्थिरता - पर्यावरण और समुदाय

4.3 एनएचपीसी लिमिटेड उपयुक्त मंचों पर विभिन्न नियामक ढांचे, स्थिति, मुद्दों, पेपरों आदि पर अपने विचार और अनुभव साझा करके अपनी स्थिति को बनाए रखने / प्रदर्शित करने को सुनिश्चित करेगी, जिससे संबंधित क्षेत्रों और समाज को बड़े पैमाने पर लाभ होगा ।

4.4 एनएचपीसी लिमिटेड यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी पक्ष-समर्थन नीति की स्थिति निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी ।

4.5 एनएचपीसी लिमिटेड सार्वजनिक नीति को वांछित दिशा में आकार देने के उद्देश्य से अपने कार्मिकों को प्रोफेशनल निकायों की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा ।

******